

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'सपने वो नहीं जो हम सोते हुए देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी  मो. 9587570001  Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1  अंक : डिजिटल  बीकानेर : गुरूवार 18 जून 2026  पृष्ठ : 4  मूल्य : 1.00 रुपया


## बीबी-जीरामजी के तहत संभाग स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ






(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी जयपुर तथा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय संभाग स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला परिषद बीकानेर का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ लोकपाल संजीदा बानो, संभागीय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षक नंदलाल शर्मा, एसएसएएटी शासन सचिवालय, जयपुर से आए मुख्य प्रशिक्षक नरेंद्र जोशी तथा जिला परिषद हनुमानगढ़ के प्रशिक्षक मुकेश पुजारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

ज़िला परिषद के आईईसी समन्वयक गोपाल जोशी ने कार्यशाला की विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को विषय विशेषज्ञों की जानकारी दी। अतिथियों ने प्रशिक्षण की आवश्यकता और ग्रामीण विकास योजनाओं में सामाजिक अंकेक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मुख्य प्रशिक्षक नंदलाल शर्मा एवं नरेंद्र जोशी ने वीबी-जीरामजी योजना के शासकीय ढांचे, सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया तथा अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने रोजगार गारंटी, निर्धारित समय-सीमाओं, श्रमिक पंजीकरण प्रक्रिया, कार्य आवंटन, मजदूरी भुगतान व्यवस्था तथा श्रमिकों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यवहारिक उदाहरणों और समूह गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण की बारीकियों से भी अवगत कराया गया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का एक सशक्त माध्यम है, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है तथा आमजन की भागीदारी बढ़ती है। यह प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर कार्यरत संसाधन व्यक्तियों की क्षमता वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में संभाग के विभिन्न जिलों से आए संसाधन व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और अनुभव ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा जनहितकारी कार्यों की निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।कार्यशाला का संचालन कनिष्ठ सहायक सुनील जोशी ने किया।

# भागवत बोले- हल्दीघाटी युद्ध महाराणा प्रताप जीते, लेकिन चर्चा उल्टी

## इतिहासकारों ने ऐसा नैरेटिव बनाया; अकबर की जयंती कहीं नहीं मनाई जाती

**हल्दीघाटी के युद्ध में विजय केवल महाराणा प्रताप की हुई थी**



**उदयपुर कासं।** उदयपुर में राष्ट्र चेतना संकल्प सभा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध को लेकर इतिहासकारों ने केवल नैरेटिव बनाया। युद्ध में केवल जीत महाराणा प्रताप की हुई थी।

मुगलों के ही इतिहासकार लिखते हैं कि मुगलों को पीछे खिसकना पड़ा। फिर विजय किसकी हुई? हल्दीघाटी में विजय का ही परिणाम है कि आज महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जा रही है, अकबर की जयंती कोई नहीं मनाता है।

दरअसल, महाराणा प्रताप की जयंती 486वीं जयंती और हल्दीघाटी विजय के 450 साल पूरे होने पर उदयपुर में तीन दिवसीय कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज उदयपुर के गांधी ग्राउंड में सभा का आयोजन किया गया। इसमें आरएसस प्रमुख के अलावा सीएम भजनलाल शर्मा वे अन्य भाजपा नेता भी पहुंचे थे।

### कॉकारोच की बात पर मुस्कुराने लगे भागवत

संकल्प सभा निम्बार्क पीठ के पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य भी शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि आज कई लोग हमारी एकता को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे लिए राष्ट्र ही प्रथम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्मल कीचड़ से कमल का जन्म होता है। जबकि, मलयुक्त कीचड़ से केवल कॉकरोच का जन्म होता है। हमें ध्यान रखना होगा कि हमें केवल निर्मल कमल की ओर ही बढ़ना होगा।

पीठाधीश्वर के कॉकरोच की बात करने पर मोहन भागवत भी मुस्कुराने लगे।

### अब 3 पॉइंट में समझिए- आरएसएस प्रमुख का भाषण

**1. प्रताप या सेना नहीं, पूरा समाज लड़ाः** सरसंघचालक ने कहा- आज हम राणा प्रताप की जयंती मनाते है, आपने कभी सुना कि कहीं अकबर की कोई जयंती है? हल्दीघाटी युद्ध में केवल प्रताप या सेना ही नहीं यहां पूरा समाज लड़ा। सेना और शस्त्र से तो अकबर का पलड़ा भारी था। प्रताप के पास धन कम था, शस्त्र कम थे। हम भारत के लोग कभी गुलाम नहीं होते।

**2. इतिहासकारों ने गलत लिखाः** हल्दीघाटी के युद्ध में विजय केवल महाराणा प्रताप की हुई थी। मुगल इतिहासकारों ने भी लिखा है कि- हम भाग गए थे। केवल हाथी मिला था। तीन हमलों के तथ्यों से ये समझा जा सकता है कि हमले में मुगल सेना के साथ क्या हुआ था। धन-बल कम होने के बाद भी प्रताप की सेना जीती थी। इतिहासकारों ने गलत लिखा।

**3. हमारा इतिहास गुलामी का नहींः** भागवत ने कहा- कोई आक्रांता हमारी भूमि में पैर रखता, उस दिन से उसको हटाने के प्रयास शुरू हो जाते हैं। हमारा इतिहास गुलाम का नहीं है, हमारा इतिहास गुलाम करने वालों के खिलाफ संघर्ष का है। वो जो आंधी चलकर आई थी, स्पेन से साइबेरिया तक अपना सिक्का जमाया। लेकिन बप्पा रावल, ललितादित्य जैसे लोगों के कारण वो आंधी अंदर नहीं आ सकी थी।

# गुजरात में सड़क हादसे में 6 की मौत, 31 घायल

## मरने वालों में 9 साल का बच्चा भी, बांसवाड़ा से सूरत जा रही बस खड़े ट्रक से टकराई





**वडोदरा एजेन्सी।** गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। 31 लोग घायल हैं। मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बालाजी ट्रैवल्स की लग्जरी बस राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही थी। वडोदरा में बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री बस में फंस गए। सूचना मिलते ही SDRF, NDRF और वडोदरा फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण इलाके में लंबा जाम लग गया था। गुजरात में सूरत जिले के बारडोली के पास दो जून को भी दो बसें टकरा गई थीं। हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हो गए। टक्कर के बाद एक बस के पलटते ही उसमें आग लग गई थी। दोनों बसें महाराष्ट्र की हैं। हादसा सड़क पर पलटे एक टैंकर को बचाने की कोशिश के दौरान हुआ। टैंकर की टक्कर से बचाने की कोशिश में एक बस ड्राइवर का स्टीयरिंग पर कंट्रोल नहीं रहा और बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई।

**24 लोगों को सुरक्षित निकाला, 5 शव मिले**

एनडीआरएफ की छठी बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 4:40 बजे कंट्रोल रूम को दुर्घटना की सूचना मिली थी। टीम ने आधुनिक उपकरणों और कटिंग मशीनों की सहायता से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' की ऐतिहासिक छलांग, रक्षा उत्पादन रु.1.78 लाख करोड़



**नई दिल्ली एजेन्सी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का सालाना रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो देश की स्वदेशी रक्षा निर्माण क्षमताओं में बड़ी बढ़ोतरी को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब भारत ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपना रक्षा बजट भी बढ़ाकर रिकॉर्ड 7.85 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 6.81 लाख करोड़ रुपये से 15.3 प्रतिशत ज़्यादा है। कुल प्रोडक्शन वैल्यू में डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स (DPSUs) और दूसरे PSUs का योगदान लगभग 76% रहा। आंकड़े बताते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डिफेंस प्रोडक्शन लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि फाइनेंशियल ईयर (FY) 2025-26 में भारत का सालाना डिफेंस प्रोडक्शन बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्री के अनुसार, यह नया आंकड़ा पिछले साल के 1.54 लाख करोड़ रुपये के प्रोडक्शन के मुकाबले 15.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाता है। उन्होंने इस सेक्टर में लंबे समय से हो रही बढ़ोतरी पर भी ज़ोर दिया और बताया कि FY2020-21 के बाद से रक्षा प्रोडक्शन में 110 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जब यह 84,643 करोड़ रुपये था।राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दशक में देश में रक्षा उत्पादन लगभग चार गुना बढ़ गया है। घरेलू रक्षा उत्पादन का मूल्य वित्त वर्ष 2013-14 में 43,746 करोड़ रुपये से बढ़कर मौजूदा स्तर पर पहुंच गया है, जो भारत के रक्षा औद्योगिक आधार के विस्तार को दर्शाता है। उन्होंने इस बढ़ोतरी का श्रेय रक्षा उत्पादन विभाग और इस क्षेत्र से जुड़े अन्य सभी पक्षों के मिले-जुले प्रयासों को दिया। राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि वित्त वर्ष 2013-14 में रु.43,746 करोड़ से देश में रक्षा उत्पादन लगभग चार गुना बढ़ गया है। हाल के वर्षों में भारत के रक्षा उत्पादन में हुई यह ज़बरदस्त बढ़ोतरी, रक्षा उत्पादन विभाग और सभी संबंधित पक्षों की मिली-जुली कोशिशों का नतीजा है। यह बढ़त देश के बढ़ते रक्षा औद्योगिक आधार का साफ़ संकेत है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के रक्षा उत्पादन में प्राइवेट इंडस्ट्री का योगदान अब तक का सबसे ज़्यादा रहा, जो लगभग 42,000 करोड़ था। इससे मिलिट्री मैन्युफैक्चरिंग में उनकी बढ़ती भूमिका का पता चलता है। यह बढ़ोतरी रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी डिज़ाइन, विकास और उत्पादन क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए सरकार की लगातार कोशिशों के बीच हुई है। घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने से इस वित्त वर्ष में भारत के रक्षा निर्यात को भी बढ़ावा मिला और यह रिकॉर्ड 38,424 करोड़ तक पहुँच गया।

## खो-नागोरियान में पटाखा फैक्ट्री में आग का आरोपी बोला : मकान किराए पर दिया था, हिस्सेदारी नहीं

**जयपुर कासं।** जयपुर के खोह-नागोरियान के करीम नगर स्थित अवैध पटाखा फैक्ट्री में लगी आग में 8 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी कय्यूम खान को आज कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को 4 दिन के रिमांड पर भेजा है। 20 जून को आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपी ने कोर्ट में पेश होने से पहले मीडिया के सामने सफाई दी। कहा कि उसने फैक्ट्री को किराए पर दिया था। उसमें कोई हिस्सेदारी नहीं थी। फैक्ट्री में आग से 8 लोगों की मौत से डर गया था। इस कारण भाग गया था। 'मुझे लोगों की मौत का अफसोस है।' हालांकि, इसके बाद पटाखा कारोबार से हुई कमाई, फैक्ट्री में उसकी भूमिका और पार्टनरशिप से जुड़े सवालों पर उसने कोई जवाब नहीं दिया और चुप्पी साध ली। वहीं अग्निकांड में जान गंवाने वाले नाबालिग रब्बिल के मामा और मामले में पैरवी कर रहे एडवोकेट हाशिम कुरैशी ने कहा कि रब्बिल केवल पानी पिलाने के लिए फैक्ट्री गया था, लेकिन हादसे में उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि कय्यूम खान कोर्ट परिसर में मीडिया के सामने खुद को मकान मालिक बता रहा था, जबकि कोर्ट में उसके वकील ने दावा किया कि वह उस मकान का मालिक ही नहीं है।

## नीट यूजी री-एग्जाम से पहले राहुल गांधी की रैली

# बीजेपी सुधांशु त्रिवेदी बोले- छात्रों को भटकाने की साजिश



**नई दिल्ली एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राजस्थान के कोटा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित 'इको ऑफ़ स्टूडेंट्स' रैली की आलोचना की और उन पर अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए व्यवधान पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया। त्रिवेदी ने बुधवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने 21 जून को होने वाली ह्श्वश्वञ्ज-त्र 2026 की दोबारा परीक्षा से कुछ दिन पहले यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए गांधी की आलोचना की और कहा कि NEET परीक्षा तीन दिन बाद फिर से होने वाली है... जहाँ सरकार संवेदनशीलता दिखा रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी संवेदनशीलता के बजाय चालाकी दिखा रहे हैं। त्रिवेदी ने सवाल करते हुए कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूँः परीक्षा से ठीक पहले के 72 घंटों में, जब किसी उम्मीदवार को पूरी एकाग्रता के साथ अंतिम चरण की तैयारी करनी चाहिए, तब आप ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके छात्रों को मानसिक रूप से परेशान क्यों कर रहे हैं। राजनीति के लिए तो कई मौके मिलेंगे, यह 21 तारीख के बाद भी की जा सकती है। आप सिर्फ़ अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए तबाही मचाना चाहते हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने देश भर के छात्रों और युवाओं से 17 जून को कोटा में होने वाली 'इको ऑफ़ स्टूडेंट्स' (Echo of Students) मेगा रैली में शामिल होने की अपील की। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि युवाओं का भविष्य ही देश का भविष्य तय करेगा। एक्स पर एक पोस्ट में, गांधी ने पेपर लीक, परीक्षा के कुप्रबंधन, रद्द हुई भर्तियों, बढ़ती फीस, निजीकरण और घोटालों के लिए सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सरकार इन वजहों से लाखों युवा भारतीयों के सपने तोड़ रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर युवाओं के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि मेरे युवा और Gen Z साथियों, मेरे मन में एक बात साफ़ है और आपको भी इसे अपने दिल में बिठा लेना चाहिएः भारत के हर युवा का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की ज़िम्मेदारी है। लेकिन ज़िम्मेदारी और ईमानदारी - ये दोनों ही मोदी सरकार की सोच से परे हैं।

# मानसून कमजोर, देश के 40% हिस्सों में बारिश की कमी

**नई दिल्ली एजेन्सी।** भारत में मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार थम गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 40% हिस्सों में बारिश में कमी आई है। सैटेलाइट तस्वीरों में मध्य और पश्चिमी भारत के बड़े हिस्से से बादल गायब नजर आ रहे हैं।

17 जून की सुबह INSAT-3DS सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक का आसमान साफ दिख रहा है।

मानसून की धीमी रफ्तार की वजह से देश के 723 जिलों में से सिर्फ 103 में ही सामान्य बारिश हुई है। इसकी मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी में मजबूत लो-प्रेशर एरिया यानी डिप्रेशन का न बनना है।

4 जून को केरल में दस्तक देने के बाद मानसून 13 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। मानसून तेलंगाना के भद्राचलम में 7 दिन से अटका हुआ है। इस वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है।

**जेट स्ट्रीम कमजोर होने पर आगे बढ़ेगा मानसून**

मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी। अगले 4-5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं। जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली अत्यंत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं।

# टेलीग्राम बंद, इंटरनेट बंद... लेकिन पेपर लीक माफिया कब बंद होंगे?

देश में जब भी कोई बड़ी प्रतियोगी परीक्षा होती है, प्रशासन और सरकारों की सक्रियता अचानक बढ़ जाती है। कहीं इंटरनेट बंद कर दिया जाता है, कहीं टेलीग्राम चैनलों पर रोक लगाने की बात होती है, कहीं अभ्यर्थियों की जेबें टटोली जाती हैं, तो कहीं महिलाओं के आभूषण और मंगलसूत्र तक उतरवा लिए जाते हैं। ऐसा माहौल बना दिया जाता है मानो परीक्षा की सबसे बड़ी चुनौती कोई छात्र हो।

लेकिन सवाल यह है कि हर बार निशाने पर विद्यार्थी ही क्यों होते हैं? उन लोगों पर सीधा वार क्यों नहीं होता जो करोड़ों रुपये के पेपर लीक उद्योग को चला रहे हैं?

NEET परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर कार्रवाई की खबरें आई हैं। इससे पहले कई परीक्षाओं में इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं। पहली नजर में यह सख्त कदम लगते हैं, लेकिन क्या वास्तव में यही समाधान हैं? शायद नहीं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी रखना गलत नहीं है। संदिग्ध चैनलों को बंद करना भी गलत नहीं है। लेकिन यह मान लेना कि टेलीग्राम बंद होते ही पेपर लीक रुक जाएगा, समस्या को बहुत सतही नजर से देखने जैसा है। टेलीग्राम, व्हाट्सएप या इंटरनेट केवल माध्यम हैं, पेपर लीक की जड़ नहीं।

आज लाखों छात्र टेलीग्राम का उपयोग पढ़ाई के लिए करते हैं। नोट्स, टेस्ट सीरीज, क्विज, डाउट डिस्कशन, करंट अफेयर्स और विशेषज्ञों के लेक्चर तक पहुंचने का यह एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। ऐसे में यदि पूरे प्लेटफॉर्म को ही संदेह की नजर से देखा जाए तो नुकसान उन ईमानदार विद्यार्थियों का होगा, जिनका पेपर लीक से कोई लेना-देना नहीं है।

आखिर जब हजारों बच्चे टेलीग्राम पर पढ़ाई कर रहे हों, तब उस सुविधा को छीन लेना पेपर लीक का समाधान कैसे हो सकता है? यह वैसा ही है जैसे कुछ लोगों की गलती की सजा पूरे समाज को दे दी जाए।

दुर्भाग्य यह है कि हमारे तंत्र को छात्र की जेब में रखा कागज तो दिखाई देता है, लेकिन करोड़ों रुपये का पेपर लीक नेटवर्क दिखाई नहीं देता। मंगलसूत्र सुरक्षा के लिए खतरा लगने लगता है, लेकिन उन लोगों तक पहुंचने में व्यवस्था असहाय नजर आती है जो परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रश्नपत्र बेचने का कारोबार कर रहे होते हैं।

यदि हर बार इंटरनेट बंद करने से पेपर लीक रुक जाता, तो पिछले वर्षों में हुए इतने बड़े घोटाले क्यों सामने आते? यदि टेलीग्राम ही सारी समस्या की जड़ है, तो फिर प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले बाजार में कैसे पहुंच जाता है? इसका जवाब साफ है–समस्या प्लेटफॉर्म में नहीं, व्यवस्था की कमजोरियों और अंदरूनी मिलीभगत में है।

कटाक्ष यह है कि घर में बार-बार चोरी हो रही है, लेकिन चोर पकड़ने की बजाय घर आने वाले हर मेहमान की तलाशी ली जा रही है। असली अपराधी बाहर घूम रहे हैं और संदेह उन लोगों पर किया जा रहा है जो मेहनत करके अपना भविष्य बनाने आए हैं।

परीक्षाओं की विश्वसनीयता इंटरनेट बंद करने से नहीं आएगी। वह तब आएगी जब पेपर लीक कराने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, दलालों और उनके संरक्षकों की जवाबदेही तय होगी। जब उन्हें ऐसी सजा मिलेगी कि आने वाली पीढ़ियां उदाहरण देंगी, तब बदलाव दिखाई देगा।

देश के युवाओं को सुरक्षित और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था चाहिए, लेकिन उनके सम्मान और सुविधाओं की कीमत पर नहीं। टेलीग्राम पर निगरानी रखिए, संदिग्ध चैनलों पर कार्रवाई कीजिए, तकनीकी सुरक्षा बढ़ाइए, लेकिन यह मत भूलिए कि यह केवल साधन हैं, समाधान नहीं।

जब तक व्यवस्था की असली जड़ पर प्रहार नहीं होगा, तब तक कभी टेलीग्राम बंद होगा, कभी इंटरनेट बंद होगा, कभी जेबें टटोली जाएंगी, कभी मंगलसूत्र उतरवाए जाएंगे, लेकिन पेपर लीक का कारोबार किसी न किसी नए रास्ते से चलता रहेगा।

और फिर अगले साल वही खबरें होंगी, वही सख्ती होगी, वही दावे होंगे और वही सवाल भी–

क्या हम परीक्षा को सुरक्षित कर रहे हैं, या केवल सुरक्षा का प्रदर्शन कर रहे हैं?

**संपादकीय**
**सत्येन्द्र राजवंशी**

# कृषि भवन परिसर में प्राकृतिक खेती पर जिला स्तरीय कार्यशाला गुरुवार को

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों, सेमिनारों, संगोष्ठियों एवं जाजम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीकानेर में जिला स्तरीय 'प्राकृतिक खेती कार्यशाला' का आयोजन 18 जून को प्रातः 10 बजे कृषि भवन स्थित आत्मा सभागार में किया जाएगा।

कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों, कृषि सखियों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधियों तथा जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता रहेगी।

कार्यशाला के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रगतिशील किसानों और कृषि सखियों के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करेंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती के लाभ, तकनीकी पहलुओं, लागत में कमी, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा किसानों की आय वृद्धि से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

कृषि विभाग ने जिले के अधिकाधिक प्रगतिशील किसानों, कृषि सखियों, एफपीओ प्रतिनिधियों एवं संबंधित हितधारकों सेजुड़े कार्यशाला में भाग लेकर प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग प्रोटोकॉल अभ्यास 18 जून को

## जिला स्तरीय योग समारोह के सफल आयोजन हेतु आयुर्वेद विभाग ने जारी किए निर्देश

**बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर आयुर्वेद विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उप निदेशक आयुर्वेद विभाग, डॉ. पवन कुमार पारीक द्वारा जारी आदेश के अनुसार 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पूर्व 18 जून को प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक जूनागढ़ परिसर में योग प्रोटोकॉल अभ्यास आयोजित किया जाएगा।

डॉ. पारीक ने बताया कि जिला कलक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार 21 जून को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, बीकानेर में होगा।

उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए 18 जून को आयोजित होने वाले योग प्रोटोकॉल अभ्यास में राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय, बीकानेर के विद्यार्थियों द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष शेषमा के निर्देशन में योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन एवं अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान योग दिवस कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के अधिकारी, कर्मचारी तथा संबंधित कार्मिक भी उपस्थित रहेंगे।

उप निदेशक ने सभी राजकीय आयुर्वेद औषधालयों, आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिससे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके।

उन्होंने आमजन से भी योग दिवस कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

# बीकानेर में वीबी जी रामजी योजना अंतर्गत ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों के दो दिवसीय संभाग स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बीकानेर, (खबर आस पास)।** सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT), जयपुर तथा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (NIRDPR), हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान तथा जिला परिषद बीकानेर के सहयोग से 'VB-GRAM-G योजना के तहत संसाधन व्यक्तियों की सामाजिक अंकेक्षण के बेहतर क्रियान्वयन व क्षमता संवर्धन हेतु संभाग स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण' का शुभारंभ बुधवार को हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (HCM RIPA), बीकानेर में हुआ।

अनुभवी क्क्क बाबू लाल गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ लोकपाल श्रीमती संजीदा बानो, संभागीय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षक श्री नंदलाल शर्मा, स्स्ज्ञ, शासन सचिवालय जयपुर से पधारे मुख्य प्रशिक्षक श्री नरेंद्र जोशी तथा जिला परिषद हनुमानगढ़ से प्रशिक्षक श्री मुकेश पुजारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मुख्य प्रशिक्षक श्री नंदलाल शर्मा तथा श्री नरेंद्र जोशी द्वारा योजना के शासन ढांचे, अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, रोजगार गारंटी, समय-सीमाओं, पंजीकरण प्रक्रिया, कार्य आवंटन, मजदूरी भुगतान एवं श्रमिक अधिकारों आदि पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

यह प्रशिक्षण आगामी दिनों में ब्लॉक स्तर पर कार्यरत संसाधन व्यक्तियों की क्षमता वृद्धि कर ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनभागीदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बीकानेर:जसरासर में नाबालिग के अपहरण व मारपीट मामले में तीन दोषी, पांच-पांच साल की सजा!

**बीकानेर, (खबर आस पास)।** प्रेम प्रसंग के संदेह में एक नाबालिग का अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में बाल न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर जुर्माना लगाया गया है, जिसमें से 20 हजार रुपये पीड़ित को मुआवजे के रूप में दिए जाएंगे।

मामले के अनुसार, फरवरी 2023 में स्नजसरासर निवासी नाबालिग को बहाने से मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाया गया, जहां आरोपियों ने उसकी लाठियों से पिटाई की। बाद में उसे एक ढाणी में ले जाकर फिर मारपीट की गई। आरोपियों को संदेह था कि नाबालिग एक युवती को भगाकर ले गया था।

सुनवाई के दौरान पीड़ित की गवाही, स्वतंत्र गवाह के बयान और चिकित्सकीय साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए न्यायालय ने सुनील महिया, ईश्वरराम और रामनिवास को दोषी करार दिया। न्यायाधीश अश्वनी विज ने कहा कि नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने कब्जे में रखना और उसके साथ निर्ममता से मारपीट करना गंभीर अपराध है, इसलिए कठोर दंड आवश्यक है। राज्य पक्ष की ओर से लोक अभियोजक राधेश्याम सेवग तथा परिवादी की ओर से अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी ने पैरवी की।

# महापुरुष समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क बाल योग समर कैंप में दूसरे दिन भारी उत्साह के साथ बच्चों की भागीदारी

## कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से असाधारण लक्ष्यों को सरलता से प्राप्त किया जा सकता है - सुशील सेरडिया



**(खबर आस पास)**

**श्रीडूंगरगढ़।** महापुरुष समारोह समिति श्रीडूंगरगढ़ के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन छुटियों में बच्चों हेतु बाल योग समर कैंप में दूसरे दिन बाहेती भवन आडसर बास श्रीडूंगरगढ़ में संस्था के मंत्री सुशील सेरडिया, योग गुरु ओम प्रकाश कालवा, शिविर संयोजक ललित बाहेती ने मां भारती के दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया । संस्था मंत्री सुशील सेरडिया ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि योग से शरीर की समस्त शक्तियां जागृत होती है । बच्चे अपने माता पिता एवं गुरुजनों के निर्देशों का पालन करते हुए अनुशासन से जीवन पथ पर आगे बढे । कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से असाधारण लक्ष्यों को सरलता से प्राप्त किया जा सकता है । शिविर में योगाचार्य ओम प्रकाश कालवा एवं उनकी टीम ने बच्चों को सहजता के साथ योग की अलग अलग क्रियाओं का अभ्यास करवाया एवं चरित्र निर्माण के टिप्स बताए । शिविर संयोजक ललित बाहेती ने बताया कि आज दूसरे दिन 107 बच्चों की भागीदारी रही । बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु सुरेश भादानी, ओमप्रकाश सारस्वत उपस्थित रहे ।

# 21 जून को आयोजित होगी नीट (यूजी) 2026 परीक्षा

## जिला कलेक्टर ने ली तैयारियों की समीक्षा बैठक




**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन 21 जून 2026 (रविवार) को दोपहर 2 बजे से सायं 5:15 बजे तक जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा बुधवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट निशान्त जैन ने की।

जिला कलक्टर ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित वितरण एवं संग्रहण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें तथा उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन अतिरिक्त गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा का आयोजन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं रहे।

बैठक में नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बीएल मीणा सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# अहमदाबाद–बीकानेर रेल यात्रियों को बड़ी सौगात, रेलवे बोर्ड ने नई दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन को दी मंजूरी

**बीकानेर (खबर आस पास)।** गुजरात और राजस्थान के बीच रेल यात्रा करने वाले यात्रियों को जल्द ही नई ट्रेन की सुविधा मिलने जा रही है। रेलवे बोर्ड ने साबरमती (अहमदाबाद) और लालगढ़ (बीकानेर) के बीच नई दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी आदेश के अनुसार ट्रेन संख्या 19407/19408 साबरमती-लालगढ़ एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा।

रेलवे बोर्ड ने पश्चिम रेलवे (मुंबई) और उत्तर पश्चिम रेलवे (जयपुर) को भेजे आदेश में कहा है कि पूर्व में प्रस्तावित 21909/21910 साबरमती-बीकानेर एक्सप्रेस के स्थान पर अब 19407/19408 साबरमती-लालगढ़ एक्सप्रेस शुरू की जाएगी। अधिकारियों को इसे जल्द प्रभावी करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं।

नई ट्रेन साबरमती से प्रतिदिन शाम 5:55 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:30 बजे बीकानेर तथा 8:10 बजे लालगढ़ पहुंचेगी। वहीं वापसी में लालगढ़ से रात 9:05 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 11:30 बजे साबरमती पहुंचेगी।

**इन स्टेशनों पर होगा ठहराव**

ट्रेन का ठहराव महेसाणा, पाटन, भीलड़ी, धानेरा, रानीवाड़ा, भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूणी, जोधपुर, गोटन, मेड़ता रोड, नागौर, नोखा और बीकानेर स्टेशनों पर होगा।

रेलवे बोर्ड के अनुसार यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित होगी तथा 23 एलएचबी कोचों के साथ चलेगी। ट्रेन का प्राथमिक रखरखाव साबरमती में किया जाएगा, जबकि जोधपुर और रानीवाड़ा को वाटरिंग स्टेशन बनाया गया है।

रेलवे अधिकारियों का मानना है कि नई ट्रेन शुरू होने से बीकानेर संभाग सहित नागौर, जोधपुर, जालोर और गुजरात के विभिन्न शहरों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक रेल संपर्क मिलेगा। इससे व्यापार, शिक्षा, पर्यटन और चिकित्सा कार्यों से यात्रा करने वाले लोगों को विशेष लाभ होगा। रेलवे बोर्ड ने आदेश में कहा है कि आवश्यकता होने पर ट्रेन का शुभारंभ विशेष सेवा के रूप में भी किया जा सकता है तथा बाद में इसे नियमित रूप से संचालित किया जाएगा।



# 11 युवाओ द्वारा शंख वादन के साथ 'जय हनुमान ज्ञान गुण सागर' सामूहिक हनुमान चालीसा

## योग गुरु धर्मेंद्र सोनी का सम्मान मंदिर ऊर्जा के स्रोत- उमेश व्यास

**बीकानेर (खबर आस पास)।** वंदे मातरम टीम द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की पांचवी कड़ी में योग गुरु धर्मचंद सोनी के सम्मान के अलावा तीन नए प्रयोग शुरू किए गए

सभी पहुंचने वाले भक्तों को मंदिर के पुजारी जी द्वारा सनातन का प्रतीक कुमकुम और चावल के तिलक से स्वागत किया गया।

वंदे मातरम टीम कै संयोजक विजय कोचर ने बताया कि कल के कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम सारस्वत थे । सह संयोजक सूरज राज पुरोहित और धर्म सोनी थे! कार्यक्रम में नवीन गोस्वामी और मूलचंद साधु द्वारा भगवान राम के भजन प्रस्तुत किए गए !

योग गुरु धर्मेंद्र सोनी का सम्मान आरएसएस के विभाग संपर्क प्रमुख उमेश जी व्यास द्वारा शाल ओढ़ा कर किया गया भगवान श्री राम के फोटो वाला भगवा दुपट्टा विजय कोचर मालचंद जोशी और श्यामसुंदर तिवारी द्वारा पहनाया गया श्रीफल कामीनी भोजक टीम द्वारा दिया गया! इस अवसर पर नन्हें कलाकार आरव गोस्वामी का भी दुपट्टा बनाकर स्वागत किया गया

इस अवसर पर वन्देमातरम टीम मातृशक्ति की अध्यक्ष कामिनी विमल भोजक मैया ने कहा जहां प्रभु राम का नाम गूंजता है वहां सारे काम सफल सिद्ध हो जाते हैं!

आज के कार्यक्रम में भवानी शंकर सुथार आनंद जोशी कमल सेन राकेश पाल जितेंद्र सिंह खींवसर शांतिलाल भोजक सूरज राठौड़ निर्मल बर्दिया मांगीलाल सुथार ओम प्रकाश ओझा भंवरलाल जसु राधेश्याम जी ओझा सुमित्रा सेन मधु ओझा खुश भोजक श्याम सुंदर तिवारी पुरुषोत्तम उपाध्याय विजय कोचर मालचंद जोशी और पुरुषोत्तम सुथार प्रमुख थे!

विजय कोचर ने बताया अगला कार्यक्रम दुर्गा माता मंदिर करणी नगर लालगढ़ में होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने खड़े होकर वंदे मातरम गीत गाया।

सभी आगंतुकों का वंदे मातरम टीम चालीसा पाठ के प्रवक्ता पुरुषोत्तम सुथार और कार्यक्रम संयोजक सूरज राठौड़ द्वारा धन्यवाद दिया गया।